# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

## FINAL EXAMINATION 2024-25

CLASS-VI SUBJECT- HINDI (3rd Lang.) MAX. MARKS: 80

Date: 02-03-25 Time: 2.½hours

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **18** questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of **5** printed pages.*

### Section - A (Reading Comprehension)

प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 5

एक जंगल में एक छोटा सा खरगोश रहता था। उसका नाम टुनटुन था। टुनटुन बहुत ही चंचल और शरारती था। वह दिन भर खेलता-कूदता रहता था और कभी भी शांत नहीं बैठता था। एक दिन, टुनटुन जंगल में घूम रहा था तो उसे एक सुंदर फूल दिखाई दिया। फूल की खुशबू बहुत ही अच्छी थी। टुनटुन ने फूल तोड़ लिया और उसे अपने घर ले गया।

घर जाकर टुनटुन ने फूल को पानी में रख दिया। उसने सोचा कि वह फूल को अपने कमरे में सजाएगा। लेकिन अगले दिन जब टुनटुन उठा तो उसने देखा कि फूल मुरझा गया है। मुरझाया फूल देखकर टुनटुन बहुत दुखी हुआ। अपनी गलती से उसने सीखा कि फूलों को नहीं तोड़ना चाहिए।

1. टुनटुन कौन था?

   *हाथी *खरगोश *भालू

2. टुनटुन का स्वभाव कैसा था?

   *मेहनती *आलसी *चंचल और शरारती

3. एक दिन जंगल में घूमते समय टुनटुन ने क्या देखा?

   *एक सुंदर फूल *बड़ा महल *जादुई घर

4. क्या देखकर टुनटुन बहुत दुखी हो गया?

   *घायल चूहा *मुरझाया फूल *बीमार भिखारी

5. अपनी गलती से टुनटुन ने क्या सीखा?

   *मेहनत करना *समय पर उठना *फूलों को नहीं तोड़ना चाहिए।

प्रश्न 2. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 5

एक छोटा-सा लड़का था जिसका नाम मुकुल था। मुकुल को किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। उसके पास किताबों का एक बड़ा-सा संग्रह था। एक दिन मुकुल अपनी दादी के घर गया। दादी ने उसे एक बहुत ही पुरानी किताब दिखाई। किताब के पन्ने पीले हो चुके थे और उसमें कई चित्र भी थे।

मुकुल ने दादी से पूछा, "दादी, यह किताब किस बारे में है?" दादी ने मुस्कुराते हुए कहा, "यह किताब एक राजकुमार के बारे में है जो एक जादुई जंगल में खो जाता है।"

मुकुल ने किताब पढ़ना शुरू किया। किताब में लिखा था कि एक बुरे जादूगर ने राजकुमार पर जादू कर उसे गायब कर दिया था| राजकुमार को उस जादू से मुक्त होने के लिए, एक खास पौधे की ज़रूरत थी। बहुत कोशिश करने पर राजकुमार को वह खास पौधा मिल गया। वह पौधे को जादूगर के पास ले गया और स्वयं को उसके जादू से मुक्त कर दिया। मुकुल ने पूरी किताब एक ही साँस में पढ़ ली। उसे किताब बहुत पसंद आई।

1. मुकुल को क्या करना बहुत पसंद था?

   *चित्र बनाना *किताबें पढ़ना *खाना बनाना

2. एक दिन मुकुल कहाँ गया?

   *मित्र के पास *जंगल में *अपनी दादी के घर

3. किताब के पन्ने कैसे हो चुके थे?

   *पीले *चमकीले *गीले

4. एक बुरे जादूगर ने जादू करके किसे गायब कर दिया था?

   *राजकुमार को *परी को *सिपाही को

5. बहुत कोशिश करने पर राजकुमार को क्या मिल गया?

   *खज़ाना *महल *खास पौधा

## Section - B (Grammar)

प्रश्न 3. प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए| 5

(*Choose the correct answer and write.*)

(i) दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-

*न्रतय *नृत्य *नर्तय

(ii) दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-

*राशट्र *राषट्र *राष्ट्र

(iii) ‘पुष्प’ शब्द के सही पर्यायवाची शब्द चुनिए-

*बादल, घन *फूल, सुमन *महक, खुशबू

(iv) ‘बेटा’ शब्द के सही पर्यायवाची शब्द चुनिए-

*पेड़, वृक्ष *आदमी, पुरुष *पुत्र, लाल

(v) ‘पक्षी’ के सही पर्यायवाची शब्द चुनिए-

*पंछी, खग *नयन, नेत्र *धरा, भूमि

प्रश्न 4. (i) किन्हीं तीन शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए| 3

शिक्षक, छात्र, माता, शेर

(ii) किन्हीं तीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए| 3

शांति, सूखा, अंदर, काला

प्रश्न 5. वाक्यों में से विशेषण छाँटकर लिखिए| 3

क. सात लड़के मैदान में भाग रहे थें|

ख. शरारती बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं|

ग. पिताजी ने कार में दो लीटर पेट्रोल भरवाया|

प्रश्न 6. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर लिखिए| 4

क. उसने गृहकार्य कर लिया है।

ख. मैंने मोहन को परेशान नहीं किया|

ग. यह मीना का घर है।

घ. राकेश किताब में कुछ लिख रहा था।

प्रश्न 7. वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए| 4

| के लिए, में, से, पर |
|---|

क. छत ......... बंदर बैठा है|

ख. माँ बच्चे ........... फल लेकर आई।

ग. आकाश ...... बादल देखकर मोर ख़ुशी ..... नाच उठे|

प्रश्न 8. प्रत्यय और मूल शब्दों से शब्द बनाइए| 4

ऊँचा + ई, सुंदर + ता, शक्ति + शाली, अपना + त्व

प्रश्न 9 मुहावरों के सही अर्थ चुनकर फिर से लिखिए| 4

| | |
|---|---|
| क. उल्लू बनाना | a. निश्चित होकर सोना |
| ख. हाथ-पाँव फूलना | b. होश आना |
| ग. आँखें खुलना | c. मूर्ख बनाना |
| घ. घोड़े बेचकर सोना | d. घबरा जाना |

## Section – C (Literature)

प्रश्न 10. किन्हीं चार अंकों को हिंदी शब्दों में लिखिए| 4

22, 35, 24, 42, 50, 33

प्रश्न 11. किन्हीं पाँच शब्दों से वाक्य बनाइए| (Frame sentences) 5

क्रिकेट, उद्यान, चंद्रमा, कसरत, तालाब, सूर्य

प्रश्न 12. सही शब्दों से वाक्यों को पूरा कीजिए| 5

*Choose the correct words and complete the sentences.*

| |
|---|
| बादल, सच्चाई, सूर्यग्रहण, इंद्रधनुष, बेंगलुरु |

i. ............... लगने पर अँधेरा हो जाता है|

ii. भाप वायुमंडल की ठंडक से ............... बन जाती है|

iii. वर्षा के बाद ............... दिखाई देता है|

iv. राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता ........................ में आयोजित हो रही थी|

v. तुमने मुझे हरा दिया है, अपनी .................. और अच्छे व्यवहार से|

प्रश्न 13. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option* ----- 5

1. केरल का नृत्य कौन-सा है?

   *बीहू *कथकली *कत्थक *गरबा

2. सूर्यग्रहण के समय सूर्य के आगे कौन खड़ा हो गया था?

   *तारा *चंद्रमा *ग्रह *धरती

3. ओणम कहाँ का पर्व है?

   *केरल *दिल्ली *राजस्थान *उड़ीसा

4. समीर ने कितने रन बनाए थे?

   *निन्यानवे *सत्रह *बीस *साठ

5. समीर को मैदान में क्या दिखा?

   *बिच्छू *साँप *केकड़ा *तितली

प्रश्न 14. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए| 4×1=4

1. समीर की आँखों से आँसू क्यों गिरने लगे थे?
2. 'क्या सूर्यदेव आज छुट्टी पर है?' यह वाक्य किसने कहा?
3. कैच किसने लिया था?
4. किस क्षेत्र में केरल राज्य भारत में प्रथम स्थान पर है?
5. "सागर तट की सुंदरता, सबका मन हर लेती है|" ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

प्रश्न 15. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक से दो पंक्तियों में दीजिए| 2×2=4

1. समीर के पिता ने उसे क्या समझाया?
2. बादल कैसे बनते हैं?
3. केरल में किन मसालों के बागान हैं?
4. समीर ने नितिन के जूते में बिच्छू क्यों डाला?

प्रश्न 16. किसी एक प्रश्न का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में दीजिए| 1×3=3


1. जब कभी दोस्तों का झगड़ा हो जाता है तो आप उसे कैसे सुलझाते हैं?
2. सूर्य आपके सामने होता तो आप उससे क्या पूछते?
3. केरल में त्रिशूर पूरम पर्व और ओणम के त्योहार मनाए जाते हैं| त्योहार हमें क्या सीख देते हैं?

## Section – D (Writing)

प्रश्न 17. किसी एक विषय पर 40 से 50 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 5

मेरी प्रिय अध्यापिका, बगीचे की सैर, मेरा प्रिय फल

प्रश्न 18. दिए गए चित्र का वर्णन 20 से 30 शब्दों में कीजिए| 5




..................................................................